हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

■ संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 अंक: 36 पृष्ठ: 8 शुक्रवार 14 जनवरी से 20 जनवरी 2022

# भाजपा के हाथ से फिसलता गोवा !

## ■ ईसाई नेता छोड़ रहे साथ ,लगा हार का डर



**मुंबई।** गोवा में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राज्य के ईसाई नेता सत्ताधारी बीजेपी पार्टी से विदा लेते जा रहे हैं। ईसाइयों का बीजेपी से यह अलगाव पार्टी के लिए आगामी चुनाव में सरदर्दी साबित हो सकता है। हालांकि, पार्टी अभी भी अपने आपको मजबूती से पेश कर रही है। सोमवार को कलनगुट से विधायक और मंत्री माइकल लोबो ने विधायकी और बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया। लोबो कुछ समय से पार्टी से नाराज चल रहे थे। इंडिया टुडे की खबर के मुताबिक, लोबो अपनी पत्नी दलीलाह को सियोलिम सीट से टिकट दिलवाना चाहते थे।


ऐसी खबरें हैं कि माइकल कांग्रेस जॉइन करेंगे लेकिन फिलहाल कांग्रेस ने भी उनकी पत्नी की उम्मीदवारी को लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया है। इस बीच तृणमूल कांग्रेस भी गोवा भी राज्य के बड़े नेताओं को अपने पाले में लाने के लिए जुटी हुई है।

# लता मंगेशकर का कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव

## ब्रीच कैंडी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती




मुंबई। कोरोना के मामले जिस तेज रफ्तार से देशभर में बढ़ रहे हैं, उसने सभी की चिंताएं बढ़ा दी हैं। अभी तक तीसरी लहर की चपेट में बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत के कई सितारे आ चुके हैं। अब दिग्गज गायिका लता मंगेशकर का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है जिसके बाद उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। 92 वर्षीय लता मंगेशकर इस वक्त मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। उनमें हल्के लक्षण हैं। लता मंगेशकर की भांजी रचना ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने प्रशंसकों से अपील की है कि दीदी के लिए वे दुआएं करें। रचना ने लता मंगेशकर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ह्वह अभी ठीक हैं। उनकी उम्र को देखते हुए एहतियात बरता गया है और आईसीयू में रखा गया है। कृपया हमारी निजता का सम्मान करें और दीदी के लिए दुआएं करिए।






# मुंबई में कोरोना ने फिर मचाया कोहराम

## 40% अधिक पॉजिटिव केस आए सामने




मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुधवार को कल की तुलना में कोविड संक्रमणों की संख्या में 40% से अधिक की वृद्धि दर्ज की। आपको बता दें कि इससे पहले के चार दिनों में दैनिक मामलों में कमी देखी गई थी। बीएमसी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, मुंबई में आज 16,420 नए मामलों की पुष्टि हुई है। हालांकि कल असकी संख्या 11,647 थी। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को पॉजिटिविटी रेट 24.38% रही। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि सकारात्मकता दर में वृद्धि होगी क्योंकि केंद्र ने अब राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को केवल सिम्प्टोमैटिक रोगियों की जांच करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकांश मरीजों के कोरोना पॉजिटिव होने की संभावना प्रबल है, इसलिए सकारात्मकता दर में वृद्धि होगी। बुधवार को नगर निगम क्षेत्र में 67,339 टेस्ट किए गए। मेयर किशोरी पेडनेकर ने बुधवार को कहा कि शहर में कोविड -19 मामलों की संख्या धीमी हो रही है और अपने नागरिकों से टीकाकरण कराने की अपील की। महापौर कार्यालय द्वारा जारी एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में, पेडनेकर ने कहा कि फरवरी 2021 से अब तक कोविड -19 के कारण मरने वालों में से 94 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ था। महाराष्ट्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण के 46,723 नए मामले सामने आए जो कि एक दिन पहले सामने आए मामलों से 34,424 ज्यादा हैं। वहीं, 32 और मरीजों की मौत हो गई। प्रदेश में फिलहाल कुल 2.4 लाख मरीज उपचाराधीन हैं।

# मुंबई में साफ हवा के दावे हवा-हवाई!

## सीआरईए की रिपोर्ट में खुली बीएमसी की पोल



**मुंबई।** वायु प्रदूषण के मामले में अब देश की राजधानी दिल्ली के साथ-साथ आर्थिक राजधानी मुंबई का भी नाम आने लगा है। इसके बावजूद राष्ट्रीय क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत आने वाली योजनाओं को लागू करने की गति धीमी है। इसका अंदाजा सेंटर फॉर रिसर्च एंड ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट से लगाया जा सकता है। इस रिपोर्ट में प्रदूषण की रोकथाम के लिए एमपीसीबी और बीएमसी की कमियों को भी उजागर किया गया है। बता दें कि केंद्र सरकार ने 102 शहरों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 10 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया था। इसे अब तीन साल पूरे हो गए हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदूषक तत्व पार्टिकुलेट मैटर के स्तर को 20-30 फीसद कम करना है।

# शिवसेना में टिकटों के लिए

## सीमा में कटौती पर कोई निर्णय नहीं महापौर किशोरी पेडनेकर खुलकर



**मुंबई।** एक ओर जहां मुंबई में कोरोना वायरस ने कोहराम मचा के रखा है, वहीं दूसरी ओर राज्य की प्रमुख राजनीतिक पार्टियां आगामी महानगरपालिका चुनाव को लेकर अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर मुंबई की महापौर किशोरी पेडनेकर ने बड़ा बयान दिया है। मेयर किशोरी पेडनेकर ने कहा है कि आगामी बीएमसी चुनाव को लेकर शिवसेना में टिकटों के लिए आयु सीमा में कटौती पर ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बीएमसी चुनाव में शिवसेना पार्टी किसे टिकट देगी इसका निर्णय सीएम उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे करेंगे। हालांकि जिन लोगों पर क्रिमिनल केस हैं उन पर विचार जरूर किया जा सकता है। बीएमसी चुनाव को लेकर कांग्रेस, भाजपा, एनसीपी, शिवसेना और अन्य राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। कुछ दिनों पहले कुछ मीडिया में खबर आई थी कि आगामी महानगरपालिका चुनाव में शिवसेना उन उम्मीदवारों को टिकट देगी जिनकी उम्र 45 से कम है। इस खबर को खारिज करते हुए मुंबई की महापौर ने कहा कि बीएमसी चुनाव में किसे टिकट दिया जाएगा इसका फैसला सीएम उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे करेंगे। पर जिन लोगों पर क्रिमिनल केस हैं उन पर विचार जरूर किया जा सकता है। गौरतलब है कि मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस ने पहले ही एलान कर दिया है कि वह अकेले ही चुनाव में मैदान में जाएगी। बीएमसी का चुनाव फरवरी में होने की संभावना जताई जा रही है। महानगरपालिका चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि इस बार महानगरपालिका चुनाव में आम आदमी पार्टी भी अपना खाता खोल सकती है।

# शरद पवार का दावा- कई और विधायक होंगे सपा में शामिल

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में इन दिनों सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का काम चल रहा है। जनता इसका जवाब देगी। पवार ने कहा कि उनकी पार्टी गोवा, मणिपुर के अलावा उत्तर प्रदेश में भी अन्य दलों के साथ गठबंधन करके विधानसभा चुनाव लड़ेगी। राकांपा अध्यक्ष ने आज एक संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा है कि 80 फीसद हमारे साथ हैं, 20 फीसद नहीं। मैं उनसे पूछना चाहूंगा कि ये फीसद कौन लोग हैं ? पवार के अनुसार एक मुख्यमंत्री ऐसा नहीं कह सकता। सभी उनके होते हैं।

# गोरेगांव में अवैध हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** गोरेगांव की फिल्म सिटी में कार्यरत तीन लोगों को दिंडोशी पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक कट्टा और दो जीवित कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी अवैध हथियार कहां और किस मकसद के लिए लेकर आए थे? पुलिस इसकी जांच कर रही है।
दिंडोशी पुलिस को सूचना मिली कि गोरेगांव (पूर्व) फिल्म सिटी में काम करने वाला एक व्यक्ति अवैध रूप से हथियार लेकर घूम रहा है। पुलिस की टीम ने ट्रैप लगाकर उसे पकड़ा। जब उसकी तलाशी ली गयी, तो उसके पास से एक कट्टा और दो जीवित कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उससे पूछताछ कर दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान गुरजीत अवतार सिंह, निकुंज कुमार पटेल और प्रकाश घनश्याम सैतानी के रूप में हुई। गुरजीत और निकुंज कुमार फिल्म सिटी में काम कर रहे हैं। जबकि प्रकाश इवेंट मैनेजमेंट का काम करता है। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी मध्य प्रदेश से कट्टा एवं जीवित कारतूस लाए थे।



# चुनाव से पहले मनपा ने खोला खजाना

## 18 दिनों में चार हजार करोड़ की योजनाएं

**मुंबई।** फरवरी में प्रस्तावित चुनाव को देखते हुए बीएमसी में सत्ताधारी शिवसेना ने मुंबई में विकास योजनाओं के लिए खजाना खोल दिया है। पिछले 18 दिनों में बीएमसी ने चार हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी के लिए स्थायी समिति के पास भेजा है। इसमें दिसंबर के आखिरी सप्ताह में सड़कों की मरम्मत के लिए 2000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है, जिसे मंजूरी मिल चुकी है।
बीएमसी ने गार्डन व खेल मैदानों का रखरखाव, पानी आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन की मरम्मत, सीवरेज लाइन की मरम्मत व नदियों के शुद्धिकरण के लिए कुल 2000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव स्थायी समिति पास मंजूरी के लिए भेजा है। बता दें कि बीएमसी ने हाल के दिनों में बीएमसी कर्मचारियों के लिए आश्रय योजना शुरू की है। हालांकि, यह विवादों में फंस गई है। इसी तरह परियोजना प्रभावितों के लिए 175 करोड़ रुपये की योजना के लिए टेंडर जारी किया गया। नाला सफाई पर 253 करोड़ रुपये का टेंडर निकाला गया है, साथ ही तालाबों के सौंदर्यीकरण के काम पर फोकस किया जा रहा है। बीएमसी ने मुंबई में दहिसर नदी के साथ पोइसर नदी के शुद्धिकरण के लिए 1482 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया है। लगभग गटर में तब्दील हो चुकी नदी के शुद्धिकरण के प्रस्ताव में परिसर को पर्यटन के रूप में भी विकसित करने की योजना है।



मुंबई के सभी 24 वॉर्डों में बीएमसी गार्डन, मैदान, मनोरंजन मैदान, खुली जगह की 1 साल देखभाल पर बीएमसी 70 करोड़ रुपये खर्च करेगी। ठेकेदार ने यह काम 22 से 41 प्रतिशत कम दर पर करने के लिए सहमति जताई है।

# मुंबई के इंफ्रा प्रोजेक्टस पर कोरोना की तीसरी लहर का साया

## एमटीएचएल और मेट्रो परियोजनाओं पर होगा असर

मुंबई। कोरोना की तीसरी लहर का साया मुंबई पर मंडराने लगा है। लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण का असर मुंबई एमएमआर में जारी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स पर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। एमएमआरडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार विभिन्न परियोजनाओं में लगे मजदूरों में लॉकडाउन के भय है, इसके चलते कुछ मजदूर पलायन की तैयारी में हैं। उल्लेखनीय है कि एमएमआरडीए की देखरेख में बन रहे देश के सबसे लंबे सागरी पुल ह्यमुंबई ट्रांस-हार्बर लिंकह्न, समृद्धि एक्सप्रेस-वे सहित कई अन्य मेट्रो परियोजनाओं का काम हो रहा है।
पिछले लगभग 2 वर्षों में कोरोना महामारी में लॉकडाउन की वजह से इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के काम काफी प्रभावित हुए हैं। दूसरी लहर थमने के बाद काम में तेजी आई। एमटीएचएल के अलावा एमएमआर में लगभग 300 किमी लंबे मेट्रो नेटवर्क और फ्लाईओवर आदि का काम चल रहा है। मेट्रो-2 ए और 7 के पहले चरण को फरवरी के पहले खोलने की तैयारी है। इस रुट पर ट्रायल भी हो चुका है। अब मुंबई में कोरोना संक्रमण बढ़ने के बाद मुंबई की दूसरी मेट्रो के शुरू होने में कुछ और देरी की संभावना जताई जा रही है।

# महाराष्ट्र से आई राहत की खबर

## लगातार दूसरे दिन कोरोना पॉजिटिविटी रेट

मुंबई। महाराष्ट्र में आज कोरोना संक्रमण के 34,424 नए मामले सामने आए हैं। यह राज्य के लिए राहत की बात इसलिए है कि लगातार दूसरे दिन पॉजिटिविटी रेट में गिरावट दर्ज की गई है। आपको बता दें कि महाराष्ट्र में सोमवार को 33,470 और रविवार को 44,388 मामले दर्ज किए गए थे।राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस महामारी ने आज 22 मरीजों को जान ले ली। वहीं, सक्रिय मामलों की बात करें तो संख्या बढ़कर 2,21,477 हो गई।बता दें कि कोरोना वायरस के नए वैरिएंटओमिक्रॉन के मामले अब बढ़कर 1,281 हो गए हैं। इनमें से 499 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रसार को रोकने के लिए मुंबई में लगाये गये प्रतिबंध का असर दिखने लगा जिससे मंगलवार को मुंबई में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से 13648 लोग संक्रमित पाये गये और पांच मरीजों की मौत हो गयी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में पिछले तीन दिनों से कोरोना के 20 हजार से अधिक मामले दर्ज किये जा रहे थे।





# संपादकीय

संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला

## एक और सुप्रीम कमेटी!

*रघोत्तम शुक्ल। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा के साथ हुए खिलवाड़ का मामला देशभर में चिंता और चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने देने और घटित हुई लापरवाही या साजिश (जैसी असलियत हो) पर त्वरित दंडात्मक कार्रवाई चुस्त प्रशासन का तकाजा होता है। केंद्र सरकार ने जांच प्रारंभ करते हुए कुछ अधिकारियों को नोटिस भेजा और गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से जवाब भी मांगा, किंतु सर्वोच्च न्यायालय ने इस सब पर रोक लगाते हुए जस्टिस इंदु मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इससे घटना की सच्चाई सामने आएगी। हालांकि पूर्व के अनुभव परिणाम के प्रति कुछ संदेह भी पैदा करते हैं।वर्ष 2019 के मध्य दिसंबर में नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध में शाहीन बाग धरना आयोजित हुआ। आम रास्ते रुके। जनजीवन त्रस्त हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। तीन वातार्कारों की एक समित गठित की। एक वातार्कार तो इसमें शामिल ही नहीं हुए। शेष दो ने कोशिश की और धरनाकताओं की मान मनव्वल हुई, किंतु उन लोगों ने इस कमेटी को कोई तवज्जो नहीं दी। जनता परेशान होती रही। न्यायालय ने कोई समादेश नहीं दिया। अंततः मार्च 2020 के अंतिम चरण में कोरोना आधारित लाकडाउन देशभर में लग गया और धरना अपने आप समाप्त हो गया। इसी तरह 13 महीने से अधिक चले कथित किसान आंदोलन का मामला है। दिल्ली के आसपास गाजीपुर, सिंघु और टीकरी बार्डर पर भीड़ राजमार्ग अवरुद्ध किए रही। सुप्रीम कोर्ट ने इसमें भी सुनवाई करनी शुरू की। कमेटी बनाई। कमेटी ने रिपोर्ट भी दी। शीर्ष अदालत ने कोई निर्णय देना तो दूर, कमेटी की रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं की। अंततः आजिज आकर केंद्र सरकार ने कृषि सुधार वाले लोकोपयोगी तीनों कानून वापस ले लिए। तब धरना/आंदोलन समाप्त हुआ। अब ताजा मामला देश की 137 करोड़ जनता के प्रतिनिधि की सुरक्षा को लेकर है। देखना है कि इस बार की कमेटी क्या कर पाती है? वैसे यह विषय कार्यपालिका का है और संविधान में यह एक अलग स्तंभ है। देखने में आ रहा है कि न्यायपालिका अन्य संवैधानिक स्तंभों की अधिकारिता वाले विषयों में बहुत सक्रिय है। भले ही आम आदमियों के मुकदमे बड़ी संख्या में लंबित पड़े हों। यह स्वस्थ परंपरा नहीं है।*



## केशव मौर्य को क्यों आया गुस्सा?

कई मौकों पर ऐसा देखा गया है, जब मीडिया के सवालों से राजनेता घिर जाते हैं, घबरा जाते हैं और ऐसे में जब उन्हें कोई जवाब सूझता नहीं है तो यह कहकर माइक निकाल इंटरव्यू को जारी रखने से मना कर देते हैं कि आपके सवाल संतुलित नहीं, संदर्भ से अलग हटकर हैं आदि-आदि. ऐसे नेताओं की फेहरिस्त लंबी है और इसमें ताजा नाम जुड़ गया है उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को लेकर विदेशी मीडिया के एक देशी पत्रकार ने जब केशव मौर्य से हाल ही में हरिद्वार में आयोजित धर्म संसद में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने वाले बयान पर सवाल किया तो केशव मौर्य आग-बबूला हो गए. उन्होंने यहां तक कह दिया कि आप पत्रकार की तरह नहीं, बल्कि किसी के ह्यएजेंटह्ल की तरह बात कर रहे हैं. इसके बाद उन्होंने अपनी जैकेट पर लगे माइक को हटा दिया और इंटरव्यू देने से मना कर दिया. बातें बहुत सारी हैं लेकिन हम उतनी ही बातों का विश्लेषण करेंगे जितनी बातें ऑन रिकॉर्ड कही गई हैं. आखिर धर्म संसद के सवाल पर केशव मौर्या को गुस्सा क्यों आया? कहीं ऐसा तो नहीं है कि बीजेपी अपने ही बुने जाल (ध्रुवीकरण की राजनीति) में फंस गई है और अब कोई जवाब देते नहीं बन रहा है यह बात सभी जानते हैं कि भारत की संसद से बड़ा कोई संसद देश में हो नहीं सकता. देश संविधान से चलता है इसमें भी कोई दो राय नहीं. ऐसे में धर्म संसद अगर समानांतर सत्ता चलाने की कोशिश करे, संवैधानिक मयार्दा को तार-तार करने की कोशिश करे, कानून व्यवस्था को अपने हाथों में लेने का दुस्साहस करे तो सत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है. एक खास अल्पसंख्यक समुदाय पर निशाना साधने वाले हरिद्वार की धर्म संसद में जो कुछ कहा गया, वह न सिर्फ भारतीय संविधान के पंथनिरपेक्ष भारत को चुनौती देता है, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा पैदा करता है.

चूंकि केशव मौर्य उत्तर प्रदेश की सरकार में एक जिम्मेदार पद पर काबिज हैं लिहाजा सवाल तो उनसे पूछे ही जाएंगे. धर्म संसद से संबंधित सवालों के जवाब में केशव प्रसाद मौर्य ने जो कुछ कहा- उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता. उन्होंने कहा कि धमार्चार्यो को अपनी बात अपने मंच से कहने का अधिकार होता है. आप हिन्दू धमार्चार्यों की ही बात क्यों करते हो? बाकी धमार्चार्यों की बात क्यों नहीं करते हो? दूसरी बात जो मौर्य ने कही वो ये कि धर्म संसद बीजेपी की नहीं होती है, वो संतों की होती है. संत अपनी बैठक में क्या कहते हैं, क्या नहीं कहते हैं, यह उनका विषय है. यही दो-तीन बातें बोलकर केशव मौर्य ऐसे फंसे कि उन्हें इस बात का अहसास हो गया कि अब अगर उन्होंने इंटरव्यू जारी रखा तो आगे के सवालों का जवाब वो नहीं दे पाएंगे.

दरअसल, केशव मौर्य से सवाल किसी बीजेपी नेता के तौर पर तो किया नहीं गया था. चूंकि वह सरकार में नंबर-2 की भूमिका में थे, लिहाजा हिन्दू धमार्चार्य हो या किसी और धर्म के धमार्चार्य, जब उसमें सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की बात होगी तो उसपर कानूनी कार्रवाई की ही जानी चाहिए. धर्म संसद बेशक बीजेपी की नहीं थी और होनी भी नहीं चाहिए, लेकिन अगर उस धर्म संसद में संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाई जाएंगी तो सरकार को दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी ही चाहिए.

और अगर कार्रवाई नहीं की जाती है तो स्वभाविक तौर पर ये सवाल उठेंगे कि धर्म संसद को बीजेपी नीत सरकार का संरक्षण तो प्राप्त नहीं है. कांटे की तरह चुभ तो नहीं रही धर्म संसद?

इसमें कोई शक नहीं कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड समेत पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के बीच हरिद्वार में आयोजित धर्म संसद से निकले विवादित बोल बीजेपी के गले में बार-बार अटक रहे हैं. चुनाव सिर पर है और धर्म संसद के विवादित बयानों की अमरबेल बीजेपी और उसके नेताओं को लगातार चारों तरफ से घेर रही है. ऐसे में बीजेपी और बीजेपी शासित सत्ता को कहीं ऐसा तो नहीं लगने लगा है कि वह अपने ही बुने जाल (ध्रुवीकरण की राजनीति) में फंस गई है और अब उससे कोई जवाब देते नहीं बन रहा है? निश्चित रूप से बीजेपी और उसकी सत्ता के लिए हालात प्रतिकूल तो हो ही गए हैं. क्योंकि धर्म संसद में अश्विनी उपाध्याय एक बीजेपी नेता के तौर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी और जिनके बारे में कहा जाता है कि वह भगवा संविधान लेकर आए थे और कहा था, हिंदुस्तान में, हिन्दी भाषा में, भगवा रंग में, संविधान हमें विशेष रूप से बनवाना पड़ रहा है. हिन्दू महासभा की नेता पूजा शकुन पांडे ने कहा था, ह्यअगर हममें से 100 उन 20 लाख लोगों को मारने के लिए तैयार हैं तो हम जीतेंगे और भारत को एक हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे.

धर्म संसद में 20 लाख लोगों को मारने और हिन्दू राष्ट्र बनाने की खुले तौर पर कही गई बातें कोई मामूली घटना नहीं है. इस मसले को लेकर सात समंदर पार उन देशों की मीडिया द्वारा भी सवाल उठाए जा रहे हैं जहां पीएम मोदी को अपनी और अपने देश की छवि बनाने में कई साल लग गए.अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस घटना की खबर को हिन्दू अतिवादियों ने मुसलमानों की हत्या का आह्वान किया.

# भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में तीन चरण के 172 विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की दो दिनी बैठक गुरूवार को सम्पन्न हो गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ तथा डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य इस बैठक में शामिल हुए। नई दिल्ली में सम्पन्न इस बैठक के बाद अब भारतीय जनता पार्टी शीघ्र ही प्रत्याशियों की सूची को जारी करेगी। पहले चरण का मतदान दस फरवरी को है, जिसके नामांकन की अंतिम तिथि 21 जनवरी है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस बैठक के बाद बताया कि आज केन्द्रीय चुनाव समिति की उत्तर प्रदेश को लेकर दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस बैठक में तीन चरण के मतदान के लिए 172 विधानसभा सीटों को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने की। भाजपा ने 2017 में जैसी विजय प्राप्त की थी, 2022 में तो हम उससे भी शानदार विजय प्राप्त करेंगे।

## बिहार के ढाई दर्जन से अधिक सीओ पर होगी कार्रवाई, मंत्री बोले-दंड और पुरस्कार की नीति का असर




**पटनाः** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री रामसूरत कुमार ने कहा है कि खराब काम करने वालों को दंड और बेहतर काम करने वालों को पुरस्कार देने की नीति अगले वित्तीय वर्ष में भी जारी रहेगी। इस नीति की शुरूआत चालू वित्तीय वर्ष में की गई है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि दंड के कुछ मामले लंबित हैं। कोशिश होगी कि प्रक्रिया पूरी कर जल्द से जल्द दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए। मंत्री ने बताया कि जिलाधिकारियों एवं प्रमंडलीय आयुक्तों से मिली शिकायतों के आधार पर अंचलाधिकारियों के खिलाफ जांच चल रही है। इन दोनों अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर डेढ़ दर्जन से अधिक अंचलाधिकारियों को दंडित किया गया है। इन अधिकारियों को आर्थिक दंड के तौर पर वेतन वृद्धि पर रोक लगाई गई है। कुछ को निंदन की सजा भी दी गई है। ये सजाएं उनकी सेवा पुस्तिका में भी दर्ज की जाती हैं। गया नगर के तत्कालीन अंचलाधिकारी की मौत के कारण उनकी सजा रद कर दी गई है।

## योगी के चुनाव लड़ने की खबर से अयोध्या के साधु-संत हुए गदगद, लड्डू बांटकर कुछ इस तरह मनाई खुशी



**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या से चुनाव लड़ने के बाद से ही रामनगरी में जश्न का माहौल है। गुरुवार को अयोध्या के साधु संतों ने एक साथ मिलकर मंदिर में प्रभु श्रीराम और उनके सेवक हनुमान जी की प्रसाद चढ़ाया और फिर लड्डू बांटे। साधु-संतों ने उल्लास मनाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को कई दिनों से चल रही तमाम अटकलों को विराम देते हुए भाजपा नेतृत्व ने तय कर दिया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में दो दिन चली मैराथन बैठक में इस पर सहमति बन चुकी है। अब केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद औपचारिक घोषणा होना बाकी है। भाजपा ने संघर्षपूर्ण नजर आ रहे इस चुनाव में निमार्णाधीन राम मंदिर और योगी के सहारे हिंदुत्व का रंग गाढ़ा कर प्रदेशभर में भगवा लहर चलाने की तैयारी कर ली है।विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी तय करने के लिए भाजपा प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व की बैठक दो दिन से दिल्ली में चल रही है। पार्टी के रणनीतिकार कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव ड्ढसह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने एक-एक सीट और दावेदारों के नाम पर चर्चा की। मंगलवार को तीन चरणों में शामिल 170 सीटों पर चर्चा की गई, जबकि बुधवार को वीआइपी नेताओं को चुनाव लड़ाने की रणनीति पर भी मंथन हुआ। सूत्रों ने बताया कि नेतृत्व ने तय किया है.

## तेजस्वी बिना सुधार ना होई, लालू बिना चालू बिहार ना होई... वायरल हो रहा खेसारीलाल यादव का गाना




पटना। विधान परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। हर राजनीतिक दल ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस बीच भोजपुरी अभिनेता और गायक खेसारीलाल यादव का एक राजनीतिक गाना लालू बिना चालू बिहार ना होई, खूब वायरल हो रहा है। वैसे तो राजद नेता अनिल सम्राट के समर्थन में ये गाना है। लेकिन इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का गुणगान भी खूब किया गया है। यूट्यूब पर रिलीज इस गाने ने पहले दिन ही रिकार्ड व्यूज हासिल कर लिए।

लइका और बुढ़वा जवान बोलतावे, महंगी के नाव पर बाजार डोलतावे, तेजस्वी के बिना सुधार ना होई, ऐ भाई लालू बिना चालू ई बिहार ना होई...। म्यूजिक वीडियो की शुरूआत अनिल सम्राट से होती है। इसमें लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव की सभाओं को भी दिखाया गया है। तेजस्वी और रेचल का कंबल बांटते वीडियो भी इसमें शामिल किया गया है। बिहार की बदहाली को भी गाने में दशार्या गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार की परेशानियां गाने की पंक्तियों में शामिल है। बताया जाता है कि अनिल सम्राट नेता प्रतिपक्ष के काफी करीबी बताए जा रहे हैं। वे भोजपुरी फिल्मों में काम भी कर चुके हैं। भोजपुर से उन्हें राजद ने विधान परिषद का उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला यहां राजद से जदयू में गए कद्दावर नेता से होना तय माना जा रहा है।

बता दें कि विधान परिषद चुनाव के लिए राजद और कांग्रेस में रार ठनी है। सीटों को लेकर दोनों ओर से खूब शब्दबाण चलाए जा रहे हैं। राजद 2015 के समझौते के तहत कांग्रेस को चार सीटें दे रही हैं। वहीं कांग्रेस सात सीटें मांग रही हैं। इसको लेकर बयानबाजी थम नहीं रही।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

दूसरा प्रेम है, व्यक्तियों का प्रेम। व्यक्तियों का प्रेम वस्तुओं से ऊपर है। कम से कम तुम समानधर्मा, समान व्यक्ति से प्रेम करते हो। कम से कम तुम किसी चैतन्य से प्रेम करते हो। माना, वह भी तुम जैसा अहंकार से भरा है। फिर भी उसकी जागने की संभावना है; जैसी तुम्हारी है। व्यक्तियों का प्रेम, वस्तुओं के प्रेम के ऊपर है। जो व्यक्तियों को प्रेम करता है, उसके जीवन में वस्तुओं के प्रति उपेक्षा होती है। और परमात्मा के प्रति तटस्थता होती है।

इन शब्दों को ठीक से समझ लेना। क्योंकि भाषा-कोष में उपेक्षा और तटस्थता का एक ही अर्थ लिखा है। वह गलत है। जो व्यक्ति, व्यक्तियों को प्रेम करता है, वह वस्तुओं के प्रति उपेक्षा से भर जाता है। वह वस्तुओं को दे सकता है, सहजता से दान कर सकता है। उसकी पकड़ नहीं रह जाती। क्योंकि जिसने व्यक्तियों को प्रेम कर लिया, जिसने प्रेम के रस को चख लिया, उसे तत्क्षण दिखाई पड़ जाता है कि **जारी......**

# सर्दी में कौन सा जूस पीना चाहिए?




1. खट्टे फलों का जूस

खट्टे फलों का जूस हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद होता है। खट्टे फलों में विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। इन फलों का जूस पीने से इम्यूनिटी बढ़ती है, इंफेक्शन से बचाव होता है। सर्दियों में खट्टे फलों का जूस पीने से आप जल्दी बीमार नहीं पड़ेंगे। साथ ही यह सर्दी-जुकाम से भी बचाता है। इसके अलावा खट्टे फलों में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण भी होते हैं, ये फ्री रेडिकल्स से बचाव करते हैं। इसके लिए आप संतरे, मौसमी और अंगूर का जूस पी सकते हैं। सर्दियों में अधिकतर लोग गाजर को अपनी डाइट में शामिल करते हैं। इसका सेवन सलाद, सब्जी और जूस के रूप में किया जा सकता है। गाजर का जूस बनाने के लिए आप इसमें ग्रीन एप्पल और संतरे का रस भी मिला सकते हैं। इससे जूस स्वादिष्ट और पौष्टिक बनेगा। यह जूस विटामिन सी, विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी, आंखों की रोशनी भी तेज होगी। इस जूस को पीने से आप जल्दी से बीमार नहीं पड़ेंगे। गाजर का जूस इम्यूनिटी बढ़ाता है।

# किरण खेर ने मांगा कंटेस्टेंट्स से मैजिक रोप



इंडियाज गॉट टैलेंट में देशभर से अलग-अलग कंटेस्टेंट्स अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हैं। उनके हुनर के आधार पर ही शो में मौजूद जजेज उन्हें हां या ना का बजर देते हैं। इस शो में अलग-अलग फील्ड के लोगों का हुनर देखने को मिलता है, जहां कुछ कंटेस्टेंट्स अपने खतरनाक स्टंट्स से सबको हैरत में डाल देते हैं तो वहीं कुछ कंटेस्टेंट्स जजेज को हंसा देते हैं, लेकिन इन सबके बीच हमारे जजेज भी कभी-कभी एक-दूसरे की खूब टांग खिंचाई करते हुए नजर आते हैं। हाल ही में सोनी टीवी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक प्रोमो साझा किया जिसमें शिल्पा शेट्टी किरण खेर की खिंचाई करते हुए जोर-जोर से हंसती नजर आईं। दरअसल, एक कंटेस्टेंट ने जजेज के सामने अपने मैजिक का प्रदर्शन किया, जिसमें अर्जुन ने कंटेस्टेंट के हाथों पर रस्सी बांधी, लेकिन कुछ सेकण्ड के भीतर ही कंटेस्टेंट ने खुद को बंधे हाथों को खोल दिया।

# लोहड़ी पर झटपट बनाएं मूंगफली की बर्फी

आज देशभर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जा रहा है. लोहड़ी साल का पहला त्योहार है. ये त्योहार साल के सबसे ठंडे महीने यानी जनवरी में पड़ता है. हर साल 13 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाती है. इस मौके पर लोग तरह-तरह के स्नैक्स का आंनद लेते हैं. इसके अलावा कई तरह की मिठाइयां भी बनाई जाती है. इसमें मूंगफली की बर्फी भी शामिल है. इस बर्फी को आप आसानी से घर पर बना सकते हैं. इस बर्फी को बनाने के लिए आपको केवल 5 सामग्री जरूरत होगी जैसे मूंगफली, काजू, गुड़, दूध और घी. ये रेसिपी सिर्फ 30 मिनट में तैयार की जा सकती है और ये बहुत ही स्वादिष्ट होती है. आप बादाम, अखरोट, किशमिश और यहां तक कि तिल को भी बर्फी के मिश्रण में शामिल कर सकते हैं. बच्चे हों या बड़े, सभी को





ये बर्फी रेसिपी जरूर पसंद आएगी. आप इन बर्फी को लंबे समय तक चलने के लिए एयरटाइट कंटेनर में स्टोर कर सकते हैं. बर्फी को मीठा करने के लिए चीनी के बजाए केवल गुड़ का इस्तेमाल करें. आइए जानें इसकी रेसिपी.एक पैन में मूंगफली डालें और इन्हें हल्का सुनहरा भूरा होने तक भूनें. भुनी हुई मूंगफली का छिलका हटाने के लिए अपने हाथों के बीच में रगड़ें. अब मूंगफली को ठंडा होने दीजिए.अब भुनी हुई मूंगफली को काजू के साथ ब्लेंडर में डालकर पीसकर दरदरा पाउडर बना लें.एक पैन में 1/4 कप पानी के साथ गुड़ डालें. अच्छी तरह मिक्स करके मध्यम आंच पर पकाएं. गुड़ के घुलने तक और मिश्रण थोड़ा गाढ़ा होने तक पकाएं. सिरप में एक तार की स्थिरता होनी चाहिए.

अब गुड़ की चाशनी में मूंगफली-काजू का मिश्रण डालें और अच्छी तरह मिलाएं. इसे दूध, घी डालकर मिला लें.

# रिषभ पंत ने रचा इतिहास, साउथ अफ्रीकी धरती पर टेस्ट में शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने




**नई दिल्ली:** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज रिषभ पंत ने केपटाउन टेस्ट मैच की दूसरी पारी में शतक लगाया। ये साउथ अफ्रीका टीम के खिलाफ उनके पहला टेस्ट शतक रहा। वहीं ये रिषभ पंत के टेस्ट क्रिकेट करियर का चौथा शतक रहा। रिषभ पंत साउथ अफ्रीका के दौरे पर पहली बार गए और इस दौरे पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की अपनी सबसे आखिरी पारी में कमाल की बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया। सबसे अहम ये रहा कि उन्होंने टीम की जरूरत के वक्त ये पारी खेली जब टीम के बड़े से बड़े दिग्गज बल्लेबाजी में सरेंडर कर चुके थे। वहीं साउथ अफ्रीका टीम के खिलाफ ये उनके टेस्ट करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी भी साबित हुई। केपटाउन टेस्ट मैच की पहली और दूसरी पारी में साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों का सामना करना भारतीय बल्लेबाजों के लिए मुश्किल साबित हो रहा था, लेकिन विषम परिस्थिति में भी पंत ने अपनी बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया। केपटाउन की मुश्किल पिच पर उन्होंने पहली पारी में तो 50 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 27 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में अपनी सारी पिछली गलतियों और खराब पारियों को पीछे छोड़ते हुए शतक ठोक दिया। रिषभ पंत साउथ अफ्रीकी धरती पर टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने।रिषभ पंत ने 133 गेंदों पर 6 चौके व 4 छक्कों की मदद से अपने 100 रन पूरे किए।

वहीं इस पारी में उन्होंने कुल 139 गेंदों का सामना किया और 100 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। यही नहीं रिषभ पंत साउथ अफ्रीका में टेस्ट में शतक लगाने वाले पहले एशियाई विकेटकीपर भी बने। रिषभ पंत साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया में भारत की तरफ से शतक लगाने वाले पहले विकेटकीपर बने।

## तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के मुरीद हुए माइकल वान, तारीफ में कह दी बड़ी बात



**नई दिल्ली:** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की तारीफ की है। उन्होंने ट्वीट करके कहा है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेल के तीनों प्रारूपों में इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। वान की यह टिप्पणी तब कि है जब दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने केपटाउन के न्यूलैंड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट लिए। उन्होंने 23.3 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिए। इसकी मदद से भारत ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीका को 210 रन पर समेटकर पहली पारी में 13 रनों की बढ़त ली। पिछले मैच में शार्ट पिच गेंदें डालने के कारण आलोचना झेलने वाले बुमराह ने बुधवार को बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने आफ स्टंप पर फुल लेंथ गेंदें डालीं।




## इन दो खिलाड़ियों को साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे टीम में मिली जगह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद इतने मुकाबलों की वनडे सीरीज में खेलेगी। इस सीरीज के लिए 31 दिसंबर 2021 को भारतीय टीम की घोषणा की गई थी। अब इस टीम में बदलाव किया गया है और दो खिलाड़ियों को शामिल करने का फैसला लिया गया। स्पिन आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को कोरोना संक्रमित होकर बाहर होने की वजह से चयनकर्ताओं ने यह फैसला लिया।साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया में दो बदलाव किए गए हैं। आलराउंडर जयंत यादव और तेज गेंदबाज नवदीव सैनी को टीम में शामिल किया गया है। सुंदर कोरोना संक्रमित पाए जाने की वजह से पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। बैंगलुरू के कैंप में साउथ अफ्रीका के दौरे पर रवाना होने से पहले उनका कोरोना टेस्ट पाजिटिव पाया गया। सुंदर को बुधवार 12 दिसंबर को टीम के बाकी सदस्यों के साथ साउथ अफ्रीका दौरे के लिए केपटाउन रवाना होना थाचयनकर्ताओं ने टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जगह पर नवदीप सैनी को साउथ अफ्रीका भेजने का फैसला लिया है। सिराज जोहान्सबर्ग में खेले गए .

# भारत-पाकिस्तान साल में एक बार इस टूर्नामेंट में खेलते आ सकते हैं नजर

## रमीज राजा करने जा रहे हैं बड़ी पहल

**नई दिल्ली:** बाबर आजम की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2021 में लीग मैच में हराया था और आइसीसी वर्ल्ड कप में पहली बार पाकिस्तान ने भारत पर जीत दर्ज करने में सफलता हासिल की। बाबर की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम ने नौ साल में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफलता हासिल की थी। पाकिस्तान का प्रदर्शन साल 2021 में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अच्छा रहा था और अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने कथित तौर पर 2022 में प्रतिष्ठित भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को फिर से शुरू करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।ताजा जानकारी के



मुताबिक पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा एक वार्षिक चतुष्कोणीय सीरीज का प्रस्ताव रखने जा रहे हैं जिसमें इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, भारत और पाकिस्तान शामिल होंगे। सफेद गेंद के प्रारूप में भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को पुनर्जीवित करने के मकसद से पीसीबी प्रमुख रमीज राजा अगली अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (क्ळउ) की बैठक में पारंपरिक एशियाई प्रतिद्वंद्वियों और एशेज के कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच चतुष्कोणीय श्रृंखला का प्रस्ताव देंगे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून और कोड स्पोर्ट्स आस्ट्रेलिया द्वारा दी गई एक रिपोर्ट के मुताबिक चार देशों का टी20 टूर्नामेंट खेलने का विचार पूर्व पाकिस्तानी कप्तान और पाकिस्तान में शीर्ष क्रिकेट बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष द्वारा रखा गया है। साल 2013 के बाद से भारत और पाकिस्तान सिर्फ आइसीसी और एसीसी के टूर्नामेंट में ही खेल रहे हैं।







# अधरवाड़ी जेल में स्टाफ समेत 40 कैदी कोरोना संक्रमित




कल्याण। कल्याण के आधारवाड़ी जेल में कोरोना फिर से प्रवेश कर गया है और 40 कैदियों सहित जेल के कुछ कर्मचारी भी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। आधारवाड़ी जेल में वर्तमान में 1500 से अधिक कैदी हैं। जिनमें से 40 कैदियों को कोरोना ने अपनी चपेट कर लिया है। जेल अधीक्षक अंकुश सदाफुले ने बताया कि सभी कैदियों का स्वास्थ्य ठीक है और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। जिले भर में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या की पृष्ठभूमि में मंगलवार को आधारवाड़ी जेल में कैदियों का कोरोना टेस्ट किया गया। इनमें से 40 कैदियों समेत कई स्टाफ कर्मचारी की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। सभी कैदियों को अस्पताल भेज दिया गया है और जेल के सभी कैदियों को टीके लगाए गए हैं। बीते सोमवार से बूस्टर डोज की शुरूआत की गई है . और जेल में कोविड के मरीज मिलने के बाद सैनिटाइज की व्यवस्था की गई है .
और बाकी सभी कैदियों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है।आधारवाड़ी जेल में एक क्वारंटाइन सेंटर भी बनाया गया है जहां कैदियों को रखा गया है। कोरोना लक्षणों के साथ अस्थायी रूप से रखा जाता है, डॉन बॉस्को स्कूल में क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है और वहां नए कैदियों को रखा जा रहा है ऐसी जानकारी जेल अधीक्षक अंकुश सदफुले ने दी है।

# भायखला में लकड़ी के गोदाम में लगी भीषण आग




मुंबई। मुंबई के भायखला इलाके में स्थित एक लड़की के गोदाम में आज सुबह भीषण आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। बताया जा रहा है कि आग भायखला इलाके में स्थित मुस्तफा बाजार के पास लड़की के गोदाम में लगी है। आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर दमकल की आठ गाडियां पहुंची है। ज्ञात हो कि मुंबई के भायखला में लगी इस आग में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में लगे हुए हैं। हालांकि आग किस वजह से लगी है उसका पता नहीं चल पाया है। वहीं आग की घटना पर डिवीजनल फायर ऑफिसर ने भी बयान दिया है। के.डी.घाडीगांवकर ने कहा कि आज सुबह करीब 6 बजे आग लगी। यहां पर हमारे 8 फायर इंजन और 10 वाटर टैंकर मौजूद हैं।
अब तक किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। कूलिंग का काम चल रहा है।

# मुंबई की मेयर का दावा अब तक 94 फीसदी मौतें वैक्सीन न लगवाने वालों की हुई

**मुंबई :** मुंबई की मेयर किशोरी पेडनेकर ने कहा कि शहर में कोविड-19 और कोरोना वायरस के तेजी से फैल रहे स्वरूप ओमीक्रोन के मामले अब कम हो रहे हैं. उन्होंने लोगों से संक्रमण के खिलाफ टीकाकरण कराने की भी अपील की. मेयर कार्यालय की ओर से जारी किए वीडियो में पेडनेकर ने कहा कि फरवरी 2021 से अभी तक जितने भी लोगों की संक्रमण से मौत हुई है, उनमें 94 प्रतिशत लोगों ने टीके नहीं लगवाए थे. बृहन्मुंबई महानगरपालिका के अनुसार, महाराष्ट्र की राजधानी में मंगलवार को कोविड-19 के 11,647 नए मामले सामने आए, जो एक दिन पहले आए मामलों से 2,001 कम थे. शहर में अभी तक संक्रमण के कुल 9,39,867 मामले सामने आ चुके हैं. पेडनेकर ने कहा कि कोविड-19 और ओमीक्रोन स्वरूप के मामले अब धीरे-धीरे कम हो रहे हैं, लेकिन इस समय यह भी जरूरी है कि सभी लोग कोविड-19 रोधी टीके लगवाएं.पेडनेकर ने कहा, सभी लोगों को टीके लगवाने चाहिए.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित । संपादक : मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997
T.C. NO. MAHHIN10172 ईमेल: newsicon2021@gmail.com newsicon.net